एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जब गरबा की बीट्स पर थिरकती नजर आईं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द स्काई इज पिंक के प्रमोशन में बिजी हैं। वह देश के अलग-अलग हिस्सों में फिल्म को प्रमोट कर रही हैं। को-स्टार्स के साथ ऐक्ट्रेस की तस्वीरें और विडियोज सोशल मीडिया पर काफी पसंद किए जा रहे हैं और यह उनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं हैं। हाल ही में प्रियंका का एक नया विडियो सामने आया जिसमें वह गरबा की बीट्स पर थिरकती नजर आ रही हैं। यहां ट्रडिशनल लुक में वह काफी स्टनिंग दिख रही हैं। यही नहीं, मैचिंग इयररिंग्स और बाकी दूसरी चीजें उनके एथनिक लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रही हैं। इस दौरान प्रियंका के साथ उनके को-स्टार रोहित सराफ मौजूद रहे। वह ग्रे और वाइट फेस्टिव वियर में काफी हैंडसम नजर आ रहे हैं। विडियो में दोनों ऐक्टर्स गाने पर गरबा स्टेप्स करते देखे जा सकते हैं जिसे फाल्गुनी पाठक गा रही हैं। बात करें प्रियंका की आने वाली फिल्म की तो इसमें फरहान अख्तर और जायरा वसीम जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में हैं। द स्काई इज पिंक 11 अक्टूबर 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बेहद 2 और भी ज्यादा रोमांचक होगा : जेनिफर विंगेट

अभिनेत्री जेनिफर विंगेट, जिन्होंने टेलीविजन धारावाहिक बेहद में अपने नकारात्मक किरदार माया से दर्शकों का दिल जीत लिया था, वह इसके सेकंड सीजन के साथ फिर और भी जोरदार तरीके से लौटने की तैयारी कर रही हैं। शो के प्रोमो के लिए उन्होंने हाल ही में एक एरियल एक्ट भी किया। उन्होंने कहा, प्रोमो शूट के लिए हमने एक एरियल एक्ट के साथ शुरुआत की है जिसके रिहर्सल में मुझे बहुत मजा आया। मैं यह देखने के लिए बेताब हूं कि यह स्क्रीन पर कैसा दिखेगा। माया के किरदार को दोबारा निभाने का मैं और इंतजार नहीं कर सकती इसलिए अब खुद को संभाल लीजिए।

इस किरदार को फिर से निभाने के लिए जेनिफर उत्साहित तो हैं, लेकिन वह थोड़ी सी घबराई हुई भी हैं। उन्होंने कहा, माया एक बार फिर? लेकिन क्या हम तैयार हैं? मैं एक्टसाइटेड हूं और नर्वस भी हूं क्योंकि शो को लेकर दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यह शो दोबारा और भी अधिक गहनता के साथ वापस आ रहा है और मैं अपने व्यूअर्स को इस बात का भरोसा दिला सकती हूं कि यह सीजन और भी ज्यादा रोमांचक होने वाला है। माया का हद फिर से ऐसी बाधाओं को तोड़ने जा रहा है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। पहले सीजन में कुशाल टंडन लीड रोल में थे, लेकिन इस बार शिविन नारंग, जेनिफर के विपरीत नजर आएंगे।

ट्रेलर से पहले दबंग 3 के म्यूजिक लॉन्च को लेकर उत्साहित हैं सलमान

बॉलिवुड ऐक्टर सलमान खान अपने बेहतरीन म्यूजिक के टेस्ट के लिए जाने जाते हैं। वह हमेशा अपनी फिल्मों के म्यूजिक पर खास ध्यान देते हैं और इसीलिए उनकी फिल्मों का म्यूजिक हमेशा हिट रहता है। इस बार दबंग 3 के साथ भी ऐसा है जिसके म्यूजिक से एक बार फिर सलमान अपने फैन्स को खुश करना चाहते हैं।

सलमान की यह फिल्म दिसंबर में रिलीज होने जा रही है और इसके ट्रेलर से पहले वह इसका म्यूजिक लॉन्च करने के लिए काफी उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में कुछ बेहतरीन रोमांटिक मेलोडीज के अलावा डान्स वाले म्यूजिक सॉन्ग्स भी सुनने को मिलेंगे। इससे पहले दबंग सीरीज की आई दोनों फिल्मों का म्यूजिक भी सुपरहिट रहा था। प्रभु देवा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अपनी घोषणा के समय से ही चर्चा में है। इससे पहले प्रभु देवा ने सलमान की सुपरहिट फिल्म वॉन्टेड का डायरेक्शन किया था। इस फिल्म को सलमान खान, अरबाज खान और निखिल द्विवेदी ने प्रड्यूस किया है। फिल्म में सलमान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, किच्चा सुदीप, अरबाज खान और सई मांजरेकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। दबंग 3 आने वाले 20 दिसंबर को रिलीज होगी।